दिन– शुक्रवार दिनांक– 04 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. बिहार में चल रहे विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत अब मतदाता ऑनलाइन भी गणना प्रपत्र जमा कर सकते हैं।

02. निर्वाचन आयोग ने कहा – पुनरीक्षण अभियान के तहत सत्तासी प्रतिशत से अधिक मतदाताओं के बीच गणना प्रपत्र का किया जा चुका है वितरण। बूथ लेवल अधिकारियों ने लगभग डेढ़ करोड़ घरों का पहला दौरा पूरा किया।

03. बिहार सरकार ने तांती–ततवा जाति को अनुसूचित जाति का दर्जा देने के लिए उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर की।

04. और, आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत बांका जिले के चांदन और भागलपुर जिले के सबौर प्रखंड ने देशभर के सर्वश्रेष्ठ प्रखंडों की सूची में अपना स्थान बनाया।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि बिहार में चल रहे विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत अब मतदाता ऑनलाइन भी गणना प्रपत्र जमा कर सकते हैं। सभी मतदाताओं का गणना प्रपत्र वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। मतदाता वोटर्स डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट ईन से गणना प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इस फॉर्म में मतदाताओं का नाम, इपिक नंबर, क्रमांक संख्या, भाग संख्या, विधानसभा और लोकसभा क्षेत्र का नाम तथा राज्य का नाम पहले से भरा होगा। वर्ष दो हजार तीन की मतदाता सूची में जिन मतदाताओं के नाम शामिल हैं, उन्हें बिना किसी दस्तावेज के हस्ताक्षर कर अपना फॉर्म अपलोड करना होगा। दो हजार तीन के बाद जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल किये गए हैं, उन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा तय ग्यारह प्रमाण पत्रों में से आवश्यक प्रमाण पत्र गणना प्रपत्र के साथ अपलोड करना होगा। इसके लिए अंतिम तिथि छब्बीस जुलाई तक निर्धारित की गयी है।

---

राज्य में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत सत्तासी प्रतिशत से अधिक मतदाताओं के बीच गणना प्रपत्र का वितरण किया जा चुका है। निर्वाचन आयोग ने एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। आयोग ने कहा है कि बूथ लेवल अधिकारी लगभग डेढ़ करोड़ घरों का पहला दौरा पूरा कर चुके हैं। बीएलओ मतदाता के घरों में तीन बार जायेंगे, ताकि कोई भी मतदाता नहीं छूटे।

---

प्रदेश में जारी विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर राजनीतिक दलों की बयानबाजी और तेज हो गई है। एनडीए के सहयोगी दल राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने भी पुनरीक्षण अभियान को लेकर सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा जिन दस्तावेजों की मांग की जा रही है, वह हरेक व्यक्ति के पास उपलब्ध नहीं है और न ही आयोग इतना समय दे रहा है कि लोग कागजात बनवा सकें।

———बाइट———

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाताओं को यह साबित करना पड़ रहा है कि वे भारत के नागरिक हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया मौलिक अधिकारों का हनन है।

———बाइट———

इधर, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा है कि पुनरीक्षण कार्यक्रम से सिर्फ बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ किये लोगों को ही घबराने की जरूरत है।

———बाइट———

जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि पुनरीक्षण अभियान एक संवैधानिक प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी सिर्फ यह चाहती है कि अभियान के तहत एक भी पात्र मतदाता छूटना नहीं चाहिए।

———बाइट———

---

इधर, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में महागठबंधन में शामिल घटक दलों के प्रतिनिधि मंडल ने आज राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने राज्य में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर जुड़ी चिंताओं से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को अवगत कराया। इस प्रतिनिधि मंडल में कांग्रेस, विकासशील इंसान पार्टी और वामपंथी दलों के नेता भी शामिल थे।

---

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत पक्की है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि चुनाव परिणामों के बाद मुख्यमंत्री उनकी पार्टी के लिए जो भूमिका तय करेंगे, वह उन्हें मान्य होगा।

———बाइट———

---

राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज पटना में हुई। बैठक के बाद पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव ने बताया कि कल राष्ट्रीय परिषद की होने वाली बैठक में लालू प्रसाद को पार्टी का औपचारिक तौर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय परिषद की बैठक में पेश किये जाने वाले विभिन्न प्रस्ताव और कार्यसूची को आज अंतिम रूप दिया गया।

---

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा है कि उनके मंत्रालय ने पिछले दस साल में रोजगार के अट्ठाईस करोड़ से अधिक अवसर जुटाए हैं। मुम्बई में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में श्री मांझी ने कहा कि उनके मंत्रालय का सकल घरेलू उत्पाद में तीस प्रतिशत, विनिर्माण क्षेत्र में पैंतीस दशमलव चार प्रतिशत और देश के निर्यात में पैंतालीस दशमलव सात–तीन प्रतिशत योगदान है।

———बाइट———

---

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि सरकार एक सप्ताह में वर्ष दो हजार छब्बीस के लिए हज आवेदन स्वीकार करना शुरू कर देगी। आज नई दिल्ली में हज समीक्षा बैठक के बाद श्री रिजिजू ने सभी आवेदकों से फॉर्म भर कर समय सीमा के भीतर आवेदन जमा करने का अनुरोध किया।

———बाइट———

---

बिहार सरकार ने तांती यानि ततवा जाति को अनुसूचित जाति का दर्जा देने के लिए उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर की है। गौरतलब है कि बिहार सरकार द्वारा तांती जाति को पूर्व में अनुसूचित जाति की सूची में शामिल किया गया

था। सरकार के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के इस फैसले को पलटते हुए तांती जाति को अनुसूचित जाति की सूची से बाहर कर दिया था।

---

आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत बांका जिले के चांदन और भागलपुर जिले के सबौर प्रखंड ने देशभर के सर्वश्रेष्ठ प्रखंडों की सूची में अपना स्थान बनाया है। नीति आयोग द्वारा जारी मार्च महीने की डेल्टा रैंकिंग में इन दोनों प्रखंडों को स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि और सामाजिक विकास में बेहतर कार्य के लिए चुना गया है। योजना और विकास विभाग के प्रधान सचिव के. सेंथिल कुमार ने बताया कि इस उपलब्धि के लिए चांदन प्रखंड को डेढ़ करोड़ रूपये और सबौर प्रखंड को एक करोड़ रूपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

---

कैथी लिपि के अभिलेखों को संग्रहित करने के लिए भूमि सुधार और राजस्व विभाग तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के डिजिटल इंडिया भाषिणी डिवीजन के बीच समझौता हुआ है। इसके तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से कैथी लिपि के पुराने अभिलेखों का देवनागरी लिपि में अनुवाद किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा कि सरकार की यह पहल विभागीय कार्यों के निष्पदान में काफी मददगार होगी।

---

प्रदेश में मानसून के प्रभाव से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान नवादा के नारदीगंज में सबसे अधिक अट्ठावन दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विभाग ने कहा है कि कल भी प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम स्तर की बारिश की संभावना है।

---

बिहार लोक सेवा आयोग ने इकहत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा की तिथि में बदलाव किया है। अब यह परीक्षा तेरह सितम्बर को आयोजित होगी। पहले इस परीक्षा का आयोजन दस सितम्बर को होना था। वहीं, आयोग ने सहायक प्रशाखा

पदाधिकारी परीक्षा की तिथि में भी बदलाव किया है। अब यह परीक्षा अपनी पूर्व निर्धारित तिथि तेरह सितम्बर की जगह दस सितम्बर को आयोजित की जाएगी।

---

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट–सीयूईटी दो हजार पच्चीस का परिणाम घोषित कर दिया है। यह परीक्षा देश के विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों में स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की गई थी। छात्र एनटीए की वेबसाइट पर अपना परिणाम देख सकते हैं।

---

प्रसिद्ध ढोलक वादक रघुवीर प्रसाद का पटना में निधन हो गया। वे आकाशवाणी पटना में ढोलक वादक के रूप में कार्यरत थे। वे उन्नीस सौ छियानवे में आकाशवाणी पटना से सेवानिवृत्त हुए थे। उनके निधन पर आकाशवाणी पटना के अधिकारियों और कर्मियों समेत संगीत जगत से जुड़े लोगों ने गहरा दुख जताया है।

---

मुजफ्फरपुर स्थित लंगट सिंह महाविद्यालय आज अपना एक सौ छब्बीसवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर आयोजित कार्यक्रम का राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खां ने उद्‌घाटन किया। स्थापना दिवस समारोह में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और केंद्रीय मंत्री राजभूषण चौधरी निषाद भी उपस्थित थे।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. बिहार में चल रहे विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत अब मतदाता ऑनलाइन भी गणना प्रपत्र जमा कर सकते हैं।

02. निर्वाचन आयोग ने कहा – पुनरीक्षण अभियान के तहत सत्तासी प्रतिशत से अधिक मतदाताओं के बीच गणना प्रपत्र का किया जा चुका है वितरण। बूथ लेवल अधिकारियों ने लगभग डेढ़ करोड़ घरों का पहला दौरा पूरा किया।

03. बिहार सरकार ने तांती–ततवा जाति को अनुसूचित जाति का दर्जा देने के लिए उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर की।